Roll No. : ......................................

Total No. of Questions : **12** ] [ Total No. of Printed Pages : **7**

# B–162

## B.Com. (Part–I) Examination, 2023

## ACCOUNTANCY AND BUSINESS STATISTICS

Paper - I

### (Financial Accounting)

*Time : 3 Hours* ] [ *Maximum Marks : 100*

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

***Note*** :– Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट** :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

***Note*** :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट** :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

***Note*** :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

**नोट** :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

## Section–A

### (खण्ड–अ)

1. (i) Explain Dual Aspect Concept.

   द्विपद अवधारणा को समझाइए।

   (ii) What is the meaning of Over-Insurance ?

   अधिबीमा से क्या तात्पर्य है ?

   (iii) What do you mean by Buy-back of Shares ?

   अंशों की पुन: खरीद से आप क्या समझते हैं ?

   (iv) What is the meaning of Authorised Share Capital ?

   अधिकृत अंश पूँजी से क्या आशय है ?

   (v) What do you mean by Minimum Rent ?

   न्यूनतम किराये से आप क्या समझते हैं ?

   (vi) What is meant by Contra Balance ?

   विपरीत शेष से क्या अभिप्राय है ?

   (vii) What do you mean by Cum Interest Prices ?

   ब्याज सहित मूल्यों से आप क्या समझते हैं ?

   (viii) What do you understand by Inter-departmental Transfer ?

   अन्तर्विभागीय स्थानान्तरण से आप क्या समझते हैं ?

   (ix) Who may be declared Insolvent ?

   दिवालिया कौन घोषित हो सकता है ?

   (x) Write any *two* Conventions of Accounting.

   लेखांकन की किन्हीं **दो** परम्पराओं के नाम लिखिए।

## Section–B

### (खण्ड–ब)

2. M Limited purchased building for ₹ 2,50,000 and plant and machinery for ₹ 3,00,000. The purchase price was paid by issuing 7% debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%. Pass necessary journal entries.

   एम. लिमिटेड ने ₹ 2,50,000 का भवन और ₹ 3,00,000 का प्लाण्ट एवं मशीनरी खरीदी। क्रय मूल्य का भुगतान ₹ 100 वाले 7% ऋणपत्रों का 10% प्रीमियम पर निर्गमन कर दिया गया।

   आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

3. Ascertain the amount of claim under a loss of profit policy :

   (i) Amount of policy ₹ 60,000

   (ii) Amount of short sales ₹ 80,000

   (iii) Rate of gross profit on sales = 25%

   (iv) Insurable amount ₹ 88,000

   लाभ की हानि के बीमे के अन्तर्गत दावे की राशि की गणना कीजिए :

   (i) बीमा पॉलिसी की राशि ₹ 60,000

   (ii) न्यून बिक्री की राशि ₹ 80,000

   (iii) बिक्री पर सकल लाभ की दर = 25%

   (iv) बीमायोग्य राशि ₹ 88,000

4. A trader took a coal mine on lease on 1st April, 2017. Royalty being ₹ 2 per tonne. The minimum rent was fixed at ₹ 10,000 per annum. The amount of short working is to be recouped within first two years of the lease. The production during the years 2017-18 and 2018-19 are 3000 and 6000 tonnes respectively. How much amount of unrecoupable shortworking will be transferred to profit and loss account on 31st March, 2019 ?

एक व्यापारी ने 1 अप्रैल, 2017 को एक कोयले की खान ₹ 2 प्रति टन अधिकार शुल्क पर ली। न्यूनतम किराया ₹ 10,000 वार्षिक तय हुआ। लघुकार्य राशि को पट्टे के प्रथम 2 वर्षों में वसूल किया जा सकता है। उत्पादन वर्ष 2017-18 में 3000 तथा वर्ष 2018-19 में 6000 टन है। 31 मार्च, 2019 को लाभ-हानि खाते में कितनी अशोधनीय लघु कार्य राशि स्थानान्तरण की जायेगी ?

5. The invoice price of the opening stock with a branch is ₹ 24,000 and closing stock with that branch is ₹ 40,000. The invoice price is calculated by adding 25% on that cost. Find out the amounts of stock reserve on opening stock and closing stock of branch.

एक शाखा के पास प्रारम्भिक शाखा स्टॉक की बीजक मूल्य ₹ 24,000 है तथा अन्तिम स्टॉक का मूल्य ₹ 40,000 है। बीजक मूल्य लागत में 25% जोड़कर ज्ञात किया जाता है। शाखा के प्रारम्भिक स्टॉक एवं अन्तिम स्टॉक पर स्टॉक संचय की राशियाँ बताइए।

6. Write short note on Accounting of Investments.

विनियोगों के लेखांकन पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

7. From the following particulars ascertain the amount of address commission :

(i) Freight earned (outward) ₹ 1,20,000

(ii) Freight earned (return) ₹ 1,00,000

(iii) Primage 5% on freights

(iv) Address commission @ 5% on outward freight and 6% on return freight

निम्नलिखित विवरणों से एड्रेस कमीशन की राशि का निर्धारण कीजिए :

(i) भाड़े से कमाई (जावक) ₹ 1,20,000

(ii) भाड़े से कमाई (वापसी) ₹ 1,00,000

(iii) भाड़े पर प्राइमेज की दर 5%

(iv) जावक भाड़े पर एड्रेस कमीशन की दर 5% तथा आवक भाड़े पर 6%

8. Write short note on Preferential creditors.

पूर्वाधिकार लेनदारों पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**Section–C**

**(खण्ड–स)**

9. The purchases made by a business having three Departments were :

Deptt. X : 3,000 units

Deptt. Y : 6,000 units

Deptt. Z : 7,200 units

Units at a Total Cost of ₹ 3,00,000. The sales made were :

Deptt. X : 3,060 units at the rate of ₹ 40 per unit,

Deptt. Y : 5,760 units at the rate of ₹ 45 per unit

Deptt. Z : 7,488 units at the rate of ₹ 50 per unit

The Closing Stocks were :

Deptt. X : 300 units

Deptt. Y : 480 units

Deptt. Z : 18 units

Prepare Departmental Trading Account assuming that the rate of gross profit on sales is the same in each Department.

एक व्यवसाय के तीन विभागों द्वारा किये गये कुल क्रय इस प्रकार थे :

| | | |
|---|---|---|
| विभाग X | : | 3,000 इकाइयाँ |
| विभाग Y | : | 6,000 इकाइयाँ |
| विभाग Z | : | 7,200 इकाइयाँ |

इनकी कुल क्रय लागत ₹ 3,00,000 थी। बिक्री इस प्रकार थी :

| | | |
|---|---|---|
| विभाग X | : | 3,060 इकाइयाँ दर ₹ 40 प्रति इकाई |
| विभाग Y | : | 5,760 इकाइयाँ दर ₹ 45 प्रति इकाई |
| विभाग Z | : | 7,488 इकाइयाँ दर ₹ 50 प्रति इकाई |

अन्तिम स्टॉक इस प्रकार थे :

| | | |
|---|---|---|
| विभाग X | : | 300 इकाइयाँ |
| विभाग Y | : | 480 इकाइयाँ |
| विभाग Z | : | 18 इकाइयाँ |

यह मानते हुए कि तीनों विभागों में सकल लाभ की दर समान है, विभागीय व्यापार खाता बनाइए।

10. Pass journal entries for the forfeiture and reissue of shares in the following conditions :

(i) E Limited forfeited 600 shares of ₹ 10 each, on which first call of ₹ 3 per share was not received, the second and final call of ₹ 2 per share has not yet been called. Out of these 200 shares were reissued as ₹ 8 paid up for ₹ 7 per share.

(ii) A Limited forfeited its 400 shares of ₹ 10 each fully called up held by Anil for non-payment of final call of ₹ 2 per share and reissued them to Sunil as fully paid for ₹ 10 per share.

निम्नलिखित परिस्थितियों से अंशों के हरण तथा पुनः निर्गमन से संबंधित लेखा प्रविष्टियाँ दीजिए :

(i) ई. लिमिटेड ने 600 अंश ₹ 10 वाले जब्त किये, जिन पर प्रथम माँग के ₹ 3 प्रति अंश प्राप्त नहीं हुए थे तथा अन्तिम माँग के ₹ 2 प्रति अंश अभी तक नहीं माँगे गये थे। इनमें से 200 अंश ₹ 8 प्रदत्त मानते हुए ₹ 7 प्रति अंश की दर पर पुनः निर्गमित किये गये।

(ii) ए लिमिटेड ने अनिल के 400 अंश, ₹ 10 प्रति अंश, पूर्ण माँगे गये, ₹ 2 प्रति अंश, अन्तिम माँग न चुकाने के कारण इन्हें जब्त कर लिया गया और सुनील को ₹ 10 पूर्ण प्रदत्त पर पुनः निर्गमित कर दिये गये।

11. Write short notes on the following :

(i) Tally ERP–9

(ii) Difference between Sectional Balancing System and Self Balancing System

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) टैली इआरपी–9

(ii) वर्गीय संतुलन प्रणाली तथा स्वकीय संतुलन प्रणाली

12. Explain briefly important Accounting Concepts.

संक्षेप में लेखांकन की महत्वपूर्ण अवधारणाओं का वर्णन कीजिए।